संक्षिप्त

मिलन सॉफ्टवेयर से करे आवेदन

अलवर, (निसं)। अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति व्यावसायिक एवं शिक्षा ऋण हतु मिलन सॉफ्टवेयर पर 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के द्वारा विकसित मिलन सॉफ्टवेयर के लिंक पर वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु व्यावसायिक एवं शिक्षा ऋण योजना के अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, जैन, बौद्ध एवं पारसी समुदाय के इच्छुक व्यक्ति 31 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन भर सकते हैं। यह सुविधा ऋण प्रक्रिया को सरल एवं आसान बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई। शेष शर्ते पूर्व की भांति यथावत रहेगी।

अंडरपास बनाने की मांग पर प्रदर्शन

दौसा, (निसं)। यहां जयपुर आगरा नेशनल हाईवे पर दौसा बाईपास के पुलिस लाइन चौराहे पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर स्थानीय महिला और पुरुषों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने इस चौराहे पर अंडर पास बनाने, बेरिकेट लगाने और 24 घंटे चार पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने की मांग की और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में रामविलास, भजन लाल, रतनलाल, बंशीलाल, विकास मीना, नन्द, मनीष पार्षद कमलेश मीणा , पार्षद दिनेश मीणा और अन्य शामिल थे।

विधायक का आभार जताया

कोटपूतली, (निसं)। कस्बा स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित एडवोकेट कॉम्पलेक्स में अधिवक्ताओं के बैठने हेतु टीनशैड व इन्टरलॉक टाईल्स लगाई जायेगी। इसको लेकर अभिभाषक संघ कोटपूतली के आग्रह पर विधायक हंसराज पटेल ने विधायक कोष से 32 लाख 15 हजार रूपयों की राशि स्वीकृत की है। उपरोक्त स्वीकृति पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष दयाराम गुर्जर ने विधायक पटेल का आभार व्यक्त किया है।

बीपी, शुगर परामर्श शिविर कल

श्रीमाधोपुर, (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला शिविर इस माह 31 जुलाई बुधवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में निःशुल्क मधुमेह जांच, ब्लड प्रेशर जांच और वजन करवा सकते हैं साथ ही डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी निःशुल्क परामर्श भी देंगे। लायंस क्लब ने श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के लोग इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

निवाई, (निसं)। श्रीगौरी शंकर महादेव मंदिर में सोमवार को आचार्य पं.आचार्य रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में अखंड सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि आचार्य अरविन्द दाधीच, नवरत्न शर्मा, अवधेश शर्मा, हनुमान शर्मा व तुषार शर्मा सहित कई श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा कर जलाभिषेक किया। सहस्त्र घट के बाद भगवान भोलेनाथ का पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भोग लगाकर महाआरती का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालु उमड पडे। इस अवसर पर मंदिर समिति के ओमप्रकाश विजय, कालूराम सैनी, भंवरलाल सैन, राधेश्याम शर्मा व रामू स्वामी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

कावड़ यात्रियों पर की पुष्पवर्षा

मालपुरा, (निसं)। सोमवार को बिसलपुर गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर से पवित्र जल की कावड लेकर पंवालिया गांव के लिये कावडियो का दल रवाना हुआ। टोडारायसिंह कस्बे से होकर गुजरे कावडियों के दल का केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के आवास पर व बिल्स इंटरनेशनल स्कुल के सामने सहित जगह-जगह पुष्पवर्षा से कावडियों का स्वागत किया गया। भगवान शिव के जयकारे लगाते हुये कावडियो का दल पंवालिया ग्राम के लिये रवाना हुआ। पवित्र श्रावण मास में कावड यात्रा के आयोजनो मे दिन-प्रतिदिन हो रही है वृद्धि। इसी प्रकार गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर से ही कावड भरकर बडी संख्या मे कावडियो का दल चांदसेन के लिये रवाना हुआ।

नकदी व जेवर चुराने वाले एक माह बाद गिरफ्तार

देवली, (निसं)। निकटवर्ती हनुमान नगर थाना पुलिस ने गत जून माह में हुई नकदी व आभूषणों की चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन चोरों से चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया है।

जानकारी अनुसार यह वारदात गत 23 जून को मोरला चौराहा स्थित संत निरंकारी आश्रम के चौकीदार के मकान में हुई थी। मामले में पीडित सुखदेव मीणा ने हनुमान नगर पुलिस थाना पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। इस चोरी की वारदात में लिप्त चोरों को पकडने के लिए थाना अधिकारी ने पुलिस टीम गठित कर आरोपी कुलदीप पुत्र बाबूलाल रेगर निवासी बिंदी गेट दरवाजा जहाजपुर जिला शाहपुरा व बंटी कुमार पुत्र कैसरलाल रेगर निवासी देवली रोड हरिओम नगर वार्ड नं 21 पुलिस थाना जहाजपुर जिला शाहपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उक्त चोरों से माल भी बरामद कर लिया है। वहीं गिरफ्तार हुए चोरों से पुलिस अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। चोरों को गिरफ्तार करने वाली

हनुमान नगर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया।

गठित टीम में सहायक उप निरीक्षक कैलाशलाल, महेंद्र सिंह,पुलिसकर्मी मनीष कुमार, लालाराम, लेखराज शामिल रहे।

ऐसे में हनुमान नगर थाना पुलिस को इस मामले में 1 महीने बाद तो सफलता प्राप्त हो गई लेकिन रविवार को फिर से हनुमान नगर थाना क्षेत्र के जैन कॉलोनी स्थित जैन मंदिर में चोरी की एक घटना घटित हो गई। यहां अज्ञात चोरों ने मंदिर पेटी में रखी राशि पर हाथ साफ कर लिया है। ऐसे में देखा जाए तो यहां भी आए दिन चोरी की वारदातों ने हनुमान नगर थाना पुलिस का सर दर्द बढा रखा है। यहां हनुमान नगर थाना क्षेत्र के जैन कॉलोनी के एक मंदिर में दिनदहाडे रविवार की दोपहर को चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर

- **बीते रविवार को भी चोरों ने जैन मंदिर की दान पेटी में रखी राशि चुराई**

दान पेटी में रखी राशि चुरा ली। इस घटना का मामला भी पुलिस थाने में दर्ज हो गया है। उल्लेखनीय है कि हनुमान नगर थाना क्षेत्र की ज्योति कॉलोनी शिव कॉलोनी जैन कॉलोनी श्याम नगर कुचलवाडा रोड कोटा रोड की इत्यादि कॉलोनियां देवली शहर के साथ देवली शहर के नाम पर बसी हुई है। वही हनुमान नगर कि उक्त कालोनियो की वजह से देवली शहर का विस्तार बढ गया है और हनुमान नगर क्षेत्र की सभी कॉलोनिया देवली शहर कि सीमा में समाई हुई है। हालांकि देवली शहर टोंक जिले की नगर पालिका है और हनुमान नगर भीलवाडा जिले का हिस्सा है। ऐसे में देवली पुलिस और हनुमान नगर पुलिस को चाहिए कि यहां बढती चोरी की वारदात को रोकने के लिए एक साथ मिलकर योजना बनाए ताकि चोरी की बढती घटनाओं और अन्य वारदातों पर अंकुश लग सके।

उन्नत तकनीक से खेती का दिया प्रशिक्षण

मालपुरा, (निसं)। सिकोईडिकोन संस्था मालपुरा के बैनर तले 29 जुलाई को कुशलवाटिका चौसला मे एक दिवसीय शिविर लगा उन्नत तकनीक से उन्नत खेती एवं विधियों को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर किसानों को लाभान्वित किया।

संस्था प्रभारी विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जैविक पद्धति से खेती करने से किसानो की आजीविका मे वृद्धि होने के साथ-साथ जमीन की उपजाउ क्षमता भी बढती है। आज किसान ज्यादा से ज्यादा उपज लेने के लालच मे रासायनिक खाद व कीटनाशक रासायनिक दवाईयों का उपयोग कर जमीन की उपजाउ क्षमता को नष्ट कर रहा है। जो कि उसके लिये आगे जाकर घातक साबित होगा। त्रिपाठी ने बताया कि जैविक पद्धति को किसान खरीफ की फसलो मे फलदार पौधो व सब्जी के बागान लगा कम समय व कम लागत मे अच्छी उपज ले सकता है। जगदीश शर्मा व प्रभु सिंह ने मौजूद किसानो को फलदार पौधो के रोपण व उनकी देखरेख की विधि से अवगत करवाया। मोहन मीणा ने भी किसानो को जानकारी दी। शिविर मे चैनपुरा, अरनिया, डेंचवास व चौसला के किसान मौजूद रहै।

छात्राओं को यातायात के नियम बताये

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के डाबला रोड स्थित पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में यातायात पुलिस द्वारा छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। ट्रैफिक पुलिस के अरविंद भारद्वाज, हनुमान प्रसाद गुर्जर व मुकेश कुमार ने छात्राओं को विभिन्न नियमों की जानकारी देते हुये उन्हें जागरूक किया। ट्रैफिक इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि जीवन अनमोल है और युवक युवतियां परिवार व देश का भविष्य हैं, इन्हे सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक होना बेहद आवश्यक है। हनुमान प्रसाद गुर्जर ने विभिन्न कानूनों और सावधानियों से अवगत करवाते हुए हेलमेट के प्रयोग व ड्राईविंग नियमों से अवगत करवाया। प्राचार्य प्रो. आर पी गुर्जर ने ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान की प्रशंसा करते हुये इसको अति आवश्यक कार्य बताते हुए स्थानीय पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ साथ अभियान की सराहना की। इस दौरान प्रो. ओमप्रकाश कपूरिया सहित बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित रही।

चाकसू के राशन डीलर्स मानदेय की मांग को लेकर लामबद्ध हुए

चाकसू, (निसं)। चाकसू राशन डीलर्स एशोसिशन के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील चौराये पर स्थित राममंदिर में राशन विक्रेताओं की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक राज्य सरकार 30 हजार मासिक वेतन देने का लिखित में आश्वासन नहीं देगी तब तक राशन वितरण व्यवस्था ठप रहेगी। इस अवसर पर चाकसू, कोटखावदा व नगरपालिका चाकसू के समस्त राशन डीलर्स ने ऐशोसिशन को पोस मशीनें जमा करवा दी और नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करवाकर स्वेच्छा से कार्य नहीं करने का शपथ पत्र भी सौंपे।

मीटिंग में कमल किशोर घीया, वहीद मोहम्मद, कजोड़ गुप्ता, महेंद्र सिंह, जगदीश गुर्जर, शकील मोहम्मद, पपुल मालावत, जगदीश जाट, दीपक जांगिड, बन्ना लाल जाट, प्रकाश चौधरी, मोहन लाल गुर्जर, गिर्राज शर्मा, शाबिर

चाकसू राशन डीलर्स एशोसिशन ने पोस मशीन जमा करवाई।

हुसेन, हीरालाल मीना, छाजू लाल, गंगासहाय आदि राशन डीलर्स मौजूद थे।

अलवर। मालाखेडा में खाद्य सुरक्षा योजना से जुडे हुए पात्र लाभार्थियों को अब मुफ्त में मिलने वाले गेहूं की परेशानी का सामना करना पड सकता है। राशन डीलर संघ के प्रदेश व्यापी आवाहन पर 1 अगस्त से मालाखेडा

- **पोस मशीनें जमा कराई, काम नहीं करने के दिये शपथ पत्र**

क्षेत्र में 64 राशन डीलर पूर्ण रूप से हडताल पर रहेंगे। उससे पहले क्षेत्र के राशन डीलरों ने मालाखेडा ब्लॉक अध्यक्ष हितेंद्र प्रधान के नेतृत्व में सोमवार को आयोजित मीटिंग के दौरान करीब दो दर्जन से अधिक डीलरों ने अपनी पोस मशीन जमा कर दी।

वहीं शेष रहे राशन डीलरों का कहना है कि वह भी अपनी पोस मशीन जमा करा देंगे और 1 अगस्त से पूर्ण रूप से मालाखेडा क्षेत्र के सभी राशन डीलर हडताल पर रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष हितेंद्र प्रधान ने बताया कि प्रदेशव्यापी आव्हान पर वह संघ के साथ सरकार के खिलाफ हैं जिसके चलते 1 अगस्त से हडताल पर रहेंगे।

अलवर में सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने समेत कई मांगों को लेकर सफाई कर्मियों की हडताल जारी है। इसके चलते अलवर शहर में गंदगी के ढेर लग गए। वही जनता को परेशानी होने लगी है। प्रदेशव्यापी हड़ताल होने के कारण नगर निगम रास्ता नहीं निकाल पा रहा है। हडताल के चलते शहर के प्रमुख मार्ग रेलवे स्टेशन, हनुमान सर्किल मार्ग, मनु मार्ग, पुराना कलेक्ट्रेट मार्ग पर कूड़े के ढेर लगे रहे। इसके अलावा गौरव पथ से जुड़ें संपर्क मार्गों पर भी कचरा जमा रहा। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों पर जब तक अमल नहीं होगा, तब तक वह हड़ताल पर रहेंगे।

ओड समाज की बैठक में समाज सुधार के निर्णय लिए

अलवर, (निसं)। अलवर ओड समाज की ओमप्रकाश मांगल की अध्यक्षता में ओड समाज छात्रावास बुद्ध विहार अलवर में मीटिंग का आयोजन किया गया। निर्मल प्रकाश सूरा ओड प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय ओड महासभा राजस्थान ने अवगत करते हुए बताया की ओड समाज की मीटिंग में अलवर तिजारा किशनगढबास टपूकडा गोविंदगढ रामगढ से ओड समाज के लोग मौजूद रहे।

सभी लोगों ने समाज सुधार व आगामी जिला कार्यकारणी बनाने पर अपने-अपने विचार रखें। समाज सुधार के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। समाज सुधार में टूट रहे रिश्ते, नशेबाजी आदि पर चिंता की गई व समाज को मिलकर इस संबंध में समझाइश कर समाज सुधार के प्रयास किए जाएंगे व शिक्षा को बढावा देने के लिए छात्रावास के निर्माण को आगे बढने पर चर्चा हुई

ओड समाज के अलवर जिले के सभी गांवों में आगामी मीटिंग की सूचना पहुंचने के बाद आगामी मीटिंग आयोजित कर नई ओड जिला अलवर

- **अलवर, तिजारा, किशनगढ़बास, टपूकड़ा, गोविंदगढ़, रामगढ़ से समाज के लोग मौजूद रहे**

कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा व ओड समाज जिला अलवर की आगामी मीटिंग 25 अगस्त 2024 को ओड छात्रावास अलवर में आयोजित की जाएगी। ओड समाज की इस मीटिंग में ओड समाज संरक्षक हुकुमचंद मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश मांगल दिनेश खाम्बरा सरपंच भिन्डूसी रामस्वरूप पूर्व जिला अध्यक्ष ओड समाज अलवर सुदेश खाम्बरा कामरेड पालीराम निर्मल सूरा पुष्पेंद्र मुढाई अध्यापक शंकर मांगल जगदीश मजोका शिवलाल मजोका दीवान प्रिंसिपल मिल्कराज बीका इंद्रजीत मांगल देशराज अध्यापक फूल सिंह रामकुमार अशोक कुमार नापा विनोद नापा उदय कुमार ओड समाज ब्लॉक अध्यक्ष तिजारा गोपी राम आदि मौजूद रहे।

अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में युवा कांग्रेसियों ने किया पैदल मार्च

कोटपूतली, (निसं)। कस्बा सहित कोटपूतली-बहरोड जिले में जारी अघोषित विधुत कटौती एवं बिजली व पेयजल की किल्लत के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश जमकर फूटा। बडी संख्या में युकां कार्यकर्ताओं ने राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय तक विधुत कटौती के विरोध में पैदल मार्च किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुये राज्य सरकार, जिला प्रशासन व विधुत विभाग के विरूद्ध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदड, जिला प्रभारी रवि कुमार सिगदार, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक कसाना व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राकेश रावत ने प्रैस को बताया कि

अघोषित विद्युत कटौती एवं बिजली व पेयजल की किल्लत के विरोध में युकां कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

अघोषित विधुत कटौती से जिले भर में आमजन को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है।भीषण गर्मी व उमस के इस समय में हो रही विधुत कटौती के चलते आमजन सहित बुजुर्ग, बच्चे व महिलायें बीमार हो

- **जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श**

रहे है। कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द अघोषित विधुत कटौती से निजात दिलाने की मांग की।

साथ ही कहा कि अगर विधुत आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन पर मजबूर होगें। इससे पूर्व मोरीजावाला धर्मशाला में प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यू पूनियां के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदड की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। जिला मीडिया प्रभारी धीरज यादव ने बताया कि बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया। साथ ही आमजन की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोडने व केन्द्र व राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध आन्दोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला प्रभारी रवि कुमार सिगदार, युकां विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अशोक कसाना, पूर्व अध्यक्ष राकेश रावत, पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप कसाना, विराटनगर अध्यक्ष हरदान गुर्जर, पवन गुर्जर, संदीप डेलीगेट, जीतू आर्य, देशराज गिराड़ी, विनोद यादव, मनीष योगी समेत अन्य मौजूद रहे। संचालन रामसिंह मुक्कड़ ने किया।

सार-समाचार

ज्ञापन सौंप ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

निवाई, (निसं)। ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा के वार्ड नंबर 7 निवासियों ने जयपुर डिस्काम के अधिशाषी अभियंता नन्दकिशोर खिंची को ज्ञापन सौंपकर ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। कॉलोनी निवासी ज्ञानसिंह हरसाना ने बताया कि ने ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा के वार्ड नंबर 7 में मीणा छात्रावास के पीछे विभिन्न कॉलोनियों में करीब 1500 लोग निवास करते हैं लेकिन विद्युत सप्लाई कम आती है। जिसकी वजह से घरेलू उपकरण नहीं चल पाते हैं। इसके अलावा बार-बार विद्युत कटौती होती है। लाइनमैन को अवगत करवाते हैं तो वह टोल फ्री नंबर पर बात करने के लिए कहते हैं। वार्डवासियों ने अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। नारायण लाल, पप्पू, मीरा, कजोडमल, रामफूल, विशाल कीर, शर्मिला, पपुडी, गौरा व गणपत सैन सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद थे।

'नई सोच नई उमंग' कार्यक्रम आयोजित

टोंक, (निसं)। मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वाधान में और टोंक जिला माहेश्वरी महिला संगठन के सानिध्य में माहेश्वरी महिला मंडल टोंक द्वारा आओ उन्मुक्त आकाश की ऊंचाइयों को छुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन महेश वंदना और अतिथियों के स्वागत से किया गया। सर्वप्रथम स्थानीय अध्यक्ष हेमलता तोषनीवाल और जिला अध्यक्ष कमलेश मूंदडा ने सभी अतिथियों का अपने शब्द सुमनों से स्वागत किया। प्रदेशध्यक्ष शशि लडा द्वारा राष्ट्रीय संगठन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रदेश सचिव मनीषा बागला द्वारा संगठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर राष्ट्रीय संगठन में प्रदेश की भूमिका सभी के समक्ष प्रस्तुत की। विशेष आमंत्रित मेहमान के रूप में पधारी पश्चिमाँचल स्वयंसिद्धा प्रभारी कंचन राठी ने बताया कि यदि महिलाएं स्वावलंबन की दिशा में कदम बढाये तो हम आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकते हैं। यह कदम हमें आत्मविश्वास और आत्म-समर्पण का महत्व समझाता है। जब हम अपनी जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हैं और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करते हैं, तो हम अपनी राह खुद बना सकते हैं। स्वावलंबन हमें मजबूती और स्वतंत्रता की ओर ले जाता है और हमें खुद पर भरोसा करना सिखाता है।

युवा कांवड़ियों का स्वागत किया

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। कालाडेरा कस्बे में पवित्र श्रावण मास के सोमवार को श्रीधूलेश्वर महादेव मंदिर में गांव के युवा कांवडियों द्वारा म्हारकलां मालेश्वर धाम से 51लीटर पवित्र जल भरकर पैदल 25 किलोमीटर की कावड यात्रा करके श्रीधूलेश्वर महादेव का जल अभिषेक किया गया। मालेश्वर धाम से रविवार रात को युवा कांवडियों द्वारा 51 लीटर पवित्र जल भरकर कांवड यात्रा प्रारंभ की गई थी जो सुबह सोमवार को 10 बजे श्री धूलेश्वर महादेव मंदिर कालाडेरा पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा चारों युवा कांवडियों पीयूष चतुर्वेदी, राज जांगिड, शिवम चतुर्वेदी और पीयूष सैनी का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

'31 जुलाई तक पेंशन का सत्यापन करावे'

अलवर, (निसं)। सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स 31 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे उपखण्डवार शिविरों में पहुंचकर पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में पेंशन का सत्यापन करावे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल मच्या ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित एवं राज्य सरकार की स्टेट फ्लैगशिप योजनान्तर्गत शेष रहे सामाजिक सुरक्षा पेंशन के भौतिक सत्यापन हेतु विशेष कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं अतः जिन पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है वे 31 जुलाई तक कार्यालय समय में अपने संबंधित पेंशन स्वीकृर्ता अधिकारी (ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखण्ड अधिकारी)कार्यालय में अपने पेंशन पीपीओ नम्बर, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, बैंक की पासबुक, आधार से लिंक मोबाइल नम्बर सहित उपस्थित होकर पेंशन सत्यापन करावे। सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिले में 242287 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ ले रहे हैं जिनमें से 21755 पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन कराया जाना शेष है।

बेरोजगार नर्सिंगकर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

दौसा, (निसं)। बेरोजगार नर्सिंग कर्मियों ने मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कर्मियों की भर्ती में ठेका प्रथा का विरोध कर चिकित्सा मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। राकेश सैनी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ की भर्ती का कार्य राजमेस द्वारा किया जाता है।लेकिन राजमेस इस प्रक्रिया को ठेकेदारों को सौंप रहा है। विजय मीणा ने इस प्रक्रिया में एक बडे गडबडझाले का आरोप लगाते हुए कहा कि राजमेस यदि इस प्रक्रिया को अपनाता है तो एक नर्सिंग कर्मी को लगभग 25 हजार से अधिक वेतन देना पडता है। यही कार्य ठेकेदारों के द्वारा करवाता है तो एक नर्सिंग कर्मी को महज आठ या नौ हजार के लगभग वेतन देते हैं। बाकी का पैसा ठेकेदारों और राजमेस के कर्मचारियों के बीच बंट जाता है। जिससे नर्सिंग स्टाफ का शोषण होता है। ठेकदार जिस फर्म के द्वारा यह कार्य करता है वह एनजीओ होता है।जबकि एनजीओ इस तरह का शोषण का कार्य नहीं कर सकता साथ ही एनजीओ नो लॉस नो प्रॉफिट में चलता है। मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया ठेकेदारों के माध्यम से किए जाने को लेकर विरोध जताते हुए चिकित्सा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इस दौरान राकेश सैनी बनियाना, विजय मीना गुडलिया, गजानंद कसाना, सुनील मीना, मुनीराम मीना, उमेश मीना, दशरथ गुर्जर आदि मौजूद रहे।

गंगा जल से शिव का रुद्राभिषेक किया

शाहपुरा, (निसं)। शहर के पुलिस थाने के पीछे श्री श्याम मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार को श्याम मंदिर के कार्यकर्ता द्वारा कावड यात्रा से लाए गंगा जल से शिव भोले का रुद्राभिषेक व श्याम बाबा का स्नान करवाया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अठावाल कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा व सचिव अनिल कुमार नरवल ने बताया कि शिव भोले के रुद्राभिषेक के दौरान शाहपुर नगर पालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी, प्रधान मंजू शर्मा, समाजसेवी महेंद्र शर्मा, राजेंद्र चौहान के द्वारा पूजा अर्चना करके शिव भोले का रुद्राभिषेक प्रारंभ किया गया।